CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 127 □ रायपुर, रविवार 31 मई 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

भारतमाला सड़क पर मौत का तांडवः तेज रफ्तार भारी वाहन ने 7 बैलों को कुचला, 5 ने मौके पर तोड़ा दम

रायगढ़, 31 मई (हाईवे चैनल)। धरमजयगढ़ क्षेत्र में रैरुमा से कुछ दूरी पर भारतमाला सड़क पर एक बेहद दर्दनाक और

झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। काजूबाड़ी के पास एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने 7 बैलों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि 5 बैलों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 2 अन्य बैल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान एक एर्टिगा कार भी टक्कर की चपेट में आ गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भारतमाला सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने संभाला नौसेना प्रमुख का पदभार, युद्धक क्षमता बढ़ाने पर रहेगा जोर

नई दिल्ली, 31 मई (न्यूज चैनल)। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार

संभाल लिया। पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को 1 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ माने जाते हैं।

नागपुर एयरपोर्ट में रात 2 बजे हंगामा

विस्तारा एयरलाइंस पर भड़के रायपुर आ रहे यात्री

रायपुर, 31 मई (हाईवे चैनल)। मानसूनी मौसम के सक्रिय होते ही हवाई यात्रियों के लिए मुसीबतें शुरू हो गई हैं। रायपुर आ रहे दो फ्लाइट के यात्रियों ने नागपुर एयरपोर्ट पर बीती आधी रात हंगामा किया। रायपुर में मौसम की खराबी की वजह से यहां आ रहे विमान नागपुर डायवर्ट किए गए थे। इंडिगो के हैदराबाद से रायपुर विस्तारा नई दिल्ली से रायपुर से डायवर्ट किए गए। ये जहाज नागपुर से रायपुर और फिर वापस रायपुर से नागपुर पहुंची है। जहां बताया गया है इंडिगो, अपने यात्रियों के लिए रायपुर ड्रापिंग के लिए बस की व्यवस्था कर रहे हैं।

विस्तारा की ओर से ऐसी कोई बात न होने से पैसेंजर्स एयरपोर्ट स्टाफ से बहस पर उतारू हुए। इस पर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा। इसके बाद सभी यात्री डिनर की व्यवस्था करने की मांग की। इस तरह से रात 2 बजे तक काफी हंगामेदार रही। कंपनी की तरफ से कहा गया कि राशि नगद नहीं मिलेगी। जिस ऑनलाइन पेमेंट से टिकट बुकिंग हुई थी, उसी सिस्टम के जरिए टिकट राशि 7 से 10 दिन के भीतर वापस आएगी। इस पर अधिकांश यात्रियों ने कैब के जरिए रायपुर जाने की इच्छा जताई तो एयरलाइन ने यात्रियों के लिए कैब बुक कर रायपुर भेजने का निर्णय लिया। एक यात्री ने बताया कि दोनों फ्लाइट लगातार देरी और अनिश्चितता के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम से करीब 250 यात्री प्रभावित हुए हैं।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी बोले- देश के एथलीट बना रहे रिकॉर्ड

नीदरलैंड्स ने लौटाई चोला काल की ताम्र पट्टिकाएं

नई दिल्ली, 31 मई (न्यूज चैनल)। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 134वें एपिसोड में कहा कि कुछ दिन पहले ही झारखंड के रांची में नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कॉम्पटीशन हुआ। इसमें करीब 800 एथलीट्स ने हिस्सा लिया। ये सभी देशभर से आए थे। इस दौरान चार अलग-अलग इवेंट में चार नेशनल रिकॉर्ड टूटे। गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार। इन साथियों ने अलग-अलग कैटेगरी में नए रिकॉर्ड बनाए 7 मैं सबसे पहले तो इन सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इसी एपिसोड में पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर की एक पारंपरिक स्वादिष्ट चीज कलारी चीज का भी विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने चीज को भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा बताया और कुछ समय पहले ब्राजील में हुई अंतर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में इसे मिली वैश्विक पहचान और सफलता की सराहना की। कलारी चीज को कश्मीर का मोजेरेला भी कहा जाता है। उसके विशेष जिक्र के बाद इस स्थानीय व्यंजन की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने केरल के तिरुवनंतपुरम की 12वीं कक्षा की छात्रा संजना फिलो चाको के बारे में भी बात की थी। संजना ने फ्रांस के बोर्डो में आयोजित यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड 2026 में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। गणित में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली संजना, चार सदस्यों वाली उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसका चयन एक कठिन और कई चरणों वाली राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया के बाद किया गया था।

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, बीते दिनों मुझे यूरोप के नीदरलैंड्स जाने का अवसर मिला। वहां मैं कई बैठक में शामिल हुआ। इसी दौरान एक ऐसा क्षण आया जिसने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। नीदरलैंड्स में आयोजित एक विशेष समारोह में चोला काल की प्राचीन ताम्र पट्टिकाएं भारत को वापस सौंपी गईं। उस कार्यक्रम में नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री भी मौजूद थे 7 इन ताम्र पट्टिकाओं को लेकर मुझे देश-विदेश से लगातार संदेश मिल रहे हैं। लोग खुशी जता रहे हैं, गर्व व्यक्त कर रहे हैं। दुनियाभर के तमिल समुदाय में भी इसे लेकर विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा, साथियों, इन ताम्र पट्टिकाओं को लेकर लोगों में काफी जिज्ञासा भी है। इसलिए आज मैं इससे जुड़ी कुछ बातें आपसे साझा करना चाहता हूं। इनमें 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्र पट्टिकाएं हैं। ये मुख्य रुप से राजा राजेंद्र चोला-प्रथम द्वारा अपने पिता राजा राजराजा चोला के एक वचन को पूरा करने से जुड़ी हैं। इनमें आनइमंगलम् गांव को एक बौद्ध विहार को दान देने का उल्लेख है। इन ताम्र पट्टिकाओं में चोला वंश की उपलब्धियों का भी वर्णन मिलता है। इनसे पता चलता है कि चोला साम्राज्य की समुद्री शक्ति कितनी मजबूत थी।

नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक, एसडीआरएफ तलाश में जुटी

बलरामपुर, 31 मई (हाईवे चैनल)। बलरामपुर के गागर नदी में नहाने गए एक युवक के डूबने का मामला सामने आया है. युवक अपने दोस्तों के साथ गर्मी से राहत पाने नदी पहुंचा था, लेकिन नहाने के दौरान गहरे पानी में समा गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची. शनिवार देर शाम तक चले सर्च ऑपरेशन के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका. रविवार सुबह एक बार फिर उसकी तलाश शुरू की गई है. घटना राजपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को कुछ युवक गागर नदी में नहाने पहुंचे थे. इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसके साथियों ने मौके पर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली. इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। गोताखोरों ने शनिवार देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका. अंधेरा होने के कारण अभियान रोक दिया गया था. रविवार सुबह फिर से गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुट गई है. मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं. वहीं परिजन और ग्रामीण भी नदी किनारे पहुंचे हुए हैं।

हुगली में कल्याण बनर्जी पर हमला, कल सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी से हुई थी मारपीट

नई दिल्ली, 31 मई (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हुगली में हमला हुआ है। कल्याण बनर्जी आज टीएमसी कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए ज्ञापन देने गए थे। दावा किया गया है कि उसी दौरान उन पर हमला हुआ। गौरतलब है कि कल टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भी हमला हुआ था। सोनारपुर में चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी के साथ धक्का मुक्की हुई और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। इस दौरान उन पर अंडे फेंके गए और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी की गई। कल्याण बनर्जी रविवार को हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन में ज्ञापन देने पहुंचे

थे। इस दौरान उनका विरोध शुरू हो गया और प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कथित तौर पर उन पर हमला किया गया। जिससे उनके सिर में चोट आने का दावा किया गया है।

अभिषेक पर हमले के मामले में पांच गिरफ्तार विरोध में आज सड़कों पर उतरेगी टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में तपन माइती और आकाश भी शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर घटना से जुड़े वीडियो में देखा गया था। पुलिस ने मामले की जांच के तहत पांच लोगों को हिरासत में लिया है। अभिषेक बनर्जी पर दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में भीड़ ने हमला कर दिया था। यह हमला उस समय

हुआ, जब वह चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे थे। हमले होने के बावजूद उन्होंने हिंसा में मारे गए टीएमसी कार्यकर्ता संजू कर्माकर के परिजनों से मुलाकात की। बनर्जी पर भीड़ ने अंडे और पत्थरों से हमला किया था।

दिल्ली साकेत बिल्डिंग हादसे में चार लोगों की मौत

नई दिल्ली, 31 मई (न्यूज चैनल)। दक्षिण दिल्ली के साकेत में शनिवार को इमारत गिरने के हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं 10 घायल हो गए हैं। घायलों में तीन महिला और सात पुरुष हैं। वहीं पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मालिक को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। हादसा उस वक्त हुआ जब सातवीं मंजिल की छत ढालने की तैयारी हो रही थी। वेस्टर्न मार्ग स्थित गली नंबर-5 में हुई। हादसे का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें इमारत

भरभराकर गिरती नजर आ रही है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह तक दमकल विभाग, एनडीआरएफ, डीडीएमए और स्थानीय पुलिस की मदद से मलबे से 14 लोगों को बाहर निकाला गया। सभी को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में से एक की पहचान 26 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। घायलों में आठ लोगों की पहचान गुरुग्राम के 26 साल के तरुण कुमार, बिहार की 27 साल की साइका खान, सैदुल्लाजाब की 25 साल की नीलम यादव, सैदुल्लाजाब के 24 साल के आदित्य शर्मा, नोएडा के 25 साल के क्षितिज प्रताप, साकेत के 25 साल के अनुज दीक्षित, सैदुल्लाजाब की 25 साल की आस्था और साकेत के 24 साल के विशाल के रूप में हुई है।

बढ़ता जा रहा तेन्दुआ का खतराः जिले में हो सकते है 100 से अधिक तेन्दुआ, जानवरों के साथ मानव का भी कर चुके है शिकार

धमतरी 31 मई (हाईवे चैनल)। धमतरी जिला वन्य प्राणियों के रहवास हेतु अनुकूल होने के कराण यहां वन्य प्राणियो की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें तेन्दुआ भी शामिल है। जो लगातार जिले के जंगलो और कई बार रिहायशी इलाकों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहा है। हाल के दिनो में तेन्दुए की गतिविधियां ज्यादा चर्चा में है।

बता दे कि बेलरगांव के समीप ग्राम कोड़मुड़ के पहाड़ी में एक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति चौथराम मंडावी का शिकार 26 मई को तेन्दुआ द्वारा किया गया। दो दिन बाद क्षत विक्षिप्त शव जंगल से बरामद हुआ। इसके पूर्व इसी इलाके में लगभग डेढ़ साल पूर्व एक बच्चें को तेन्दुआ उठा ले गया और उसकी जान ले ली थी। वहीं अब तेन्दुआ नगरी सिहावा के वनाचंल क्षेत्रो के साथ ही धमतरी शहर के आसपास के क्षेत्रो में भी नजर आने लगा है। पहले रात में नगरी सिहावा मार्ग पर यह गंगरेल के पिछले छोर के रास्तो पर कभी कभार तेन्दुआ दिखाई देने की चर्चा होती थी, लेकिन अब तेन्दुआ ज्यादा नजर आने लगा है। 25 मई की रात्रि गंगरेल बांध के समीप कोटाभर्री गांव में पूर्व प्राचार्य अशोक पवार के फार्म हाउस से एक बछड़े का शिकार तेन्दुआ द्वारा किया गया। अगली सुबह श्री पवार फार्म पहुंचे तब उन्हें बछड़ा मृत अवस्था में मिला. पूर्व में भी फार्म से मुर्गियों का शिकार तेन्दुआ द्वारा किया जा चुका है। आसपास ग्राम जैसे विश्रामपुर, तुमराबहार, डांगीमाचा, बरारी, गंगरेल के आसपास बांध क्षेत्र में कई बार ग्रामीणों द्वारा रात में तेन्दुएं को विचरण करते देख चुके है। वन विभाग को भी इसकी सूचना है विभाग द्वारा समय-समय पर तेन्दुएं के मूव्हमेंट और

❑ नगरी सिहावा वनाचंल क्षेत्रो के साथ ही गंगरेल बांध के आसपास के गांवो में बढ़ा तेन्दुआ का मूव्हमेंट
❑ विचरण कर रहे कई तेन्दुआ, रात में बढ़ा खतरा

मौजूदगी के अनुसार आसपास के ग्रामों में सुरक्षा हेतु मुनादी कराई जाती है। साथ ही रात में घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी जाती है। तेन्दुआ अब जानवरों के शिकार के साथ आदमखोर भी हो चुका है। इसलिए लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

100 से अधिक हो सकती है तेन्दुएं की संख्याः जिले में बढ़ते तेन्दुएं मूव्हमेंट व संख्या पर विभाग की पैनी नजर है। इसी संबंध में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार जिले में पिछले कुछ सालों में तेन्दुएं की संख्या काफी बढ़ी है। वर्तमान में जिले के जंगलो में 100 से अधिक तेन्दुआ होने की संभावना है। इसलिए पिछले कुछ सालो में तेन्दुआ द्वारा दिखाई पड़ने, मवेशियों व इंसानों की शिकार के मामले भी बढ़े है। इस हिसाब से विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु लोगो को जागरुक भी किया जा रहा है।

तेन्दुआ के मूव्हमेंट के हिसाब से चिन्हित किये गये हॉटस्पॉटः धमतरी जिला वन मण्डल अधिकारी श्री कृष्ण जाधव ने बताया कि जिले में तेन्दुएं की संख्या व मूव्हमेंट बढ़ी है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूर्व व वर्तमान में तेन्दुआ की मौजूदगी व मवेशियों व इंसानों के शिकार की घटनाओं के आधार पर विभाग द्वारा कुछ हॉटस्पॉट चिन्हित किये गये है। विशेषकर इन क्षेत्रो में तेन्दुएं से बचाव हेतु विशेष सावधानी बरतने जागरुकता लाने प्रयास किये जा रहे है।

3 जागरुकता बिन्दुओं पर विभाग कर रही कार्यः डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि तेन्दुएँ के खतरे को कम से कम करने विभाग द्वारा 3 जागरुकता बिन्दुओं पर कार्य किये जा रहे है। जिसके तहत प्रभावित क्षेत्रो का चिन्हाकंन कर इन क्षेत्रो में आंगन या घर के बाहर छोटे बच्चों को अकेले नहीं छोड़ने, विशेषकर शाम 5 से 8 बजे के बीच बच्चों को अकेले न छोड़ने, बुजुर्गो या बच्चों को आंगन या खुले में नहीं सोने, प्रभावित क्षेत्रो में जंगलो व खुले क्षेत्रो में शौच न जाने हेतु मुनादी व अन्य माध्यमों से जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

औसतन महीने में 15 से 20 शिकार के मामलो में बन रहा मुआवजा प्रकरणः तेन्दुआ द्वारा जिले में मवेशियों की शिकार की लगातार घटनाएं होती रहती है। जिस पर विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर मुआवजा प्रकरण तैयार कराकर प्रभावितों को मुआवजा प्रदान कराया जाता है। जिले में ज्यादातर मुर्गी, बकरे, बकरियां, मवेशी आदि के शिकार तेन्दुआ द्वारा किया जाता है।

बड़े चूहो से लेकर मवेशियों तक करते है शिकार, जिले में पर्याप्त शिकार इसलिए बढ़ रह संख्या : डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि तेन्दुआ छोटे से लेकर मध्यम जीवो का शिकार करता है। इसलिए उसे शिकार की कमी नहीं रहती। तेन्दुआ बड़े चूहो से लेकर खरगोश, मुर्गियों, कुत्तो, बछड़ो, चीतल, हिरण सहित अन्य वन्य जीवों का शिकार करते है। वहीं कभी कभी छोटे बच्चों या बुजुर्गो जो शौच या अन्य कारणों से बैठे या लेटे हो उनका शिकार करते है। तेन्दुआ अपने से ज्यादा साइज के मानव का शिकार करने बचते है। इसलिए जिले में पर्याप्त शिकार मिल जाने के कारण तेन्दुएं की संख्या बढ़ती जा रही है। तेन्दुआ ऐसा वन्य प्राणी है जिसके उपस्थिति कहीं भी जैसे रिहायशी इलाको, खोते, जंगलो, पहाड़ियो में भी पाई जाती है। पेड़ो में आसानी से चढ़ सकते है, तेजी से शिकार करते है। वहीं बड़े हंटर जैसे शेर या बाग छोटे शिकार नहीं करते।

''जिले में तेन्दुएं की संख्या ज्यादा है तेन्दुएं द्वारा मवेशियों के शिकार की सूचनाएं मिलती रहती है। तेन्दुएं से सुरक्षा हेतु हॉटस्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा हेतु जागरुकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शिकार प्रकरणो में मुआवजा भी प्रदान किया जाता है।''

श्रीकृष्ण जाधव
डीएफओ जिला धमतरी

अनुशासनहीनता पर एसएसपी का बड़ा एक्शन

तीन आरक्षक बर्खास्त दो को मिली कड़ी सजा

जशपुर, 31 मई (हाईवे चैनल)। जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरक्षकों पर कड़ा शिकंजा कसा है। लंबे समय तक बिना सूचना गैरहाजिर रहने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता और स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में विभागीय जांच के बाद तीन आरक्षकों को सेवा से पृथक (बर्खास्त) कर दिया है, जबकि दो अन्य आरक्षकों को गंभीर दंड दिया है। पुलिस रेगुलेशन 221(अ) के तहत की गई इस कार्रवाई में आरक्षक संतोष कुमार राम, नेल्सन तिग्गा और अशोक कुमार एक्का को सेवा से पृथक किया गया है। वहीं आरक्षक इरीमियस कुजूर को एक वेतन वृद्धि के बराबर धनराशि की कमी संचयी प्रभाव से तथा आरक्षक बिंदेश्वर राम को एक वर्ष के लिए न्यूनतम वेतनमान पर लाकर दंडित किया गया है, जिसका प्रभाव उनकी भविष्य की वेतन वृद्धि और पेंशन पर भी पड़ेगा।

जांच में सामने आया कि बर्खास्त किए गए तीनों आरक्षक अपने सेवाकाल के दौरान कई बार लंबे समय तक अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर रहे और पूर्व में भी अनेक बार दंडित किए जा चुके थे। इसके बावजूद उनके आचरण में सुधार नहीं आया। आरक्षक संतोष कुमार राम ने 13 वर्षों की सेवा में 33 बार कुल 469 दिन, नेल्सन तिग्गा ने 17 वर्षों की सेवा में 28 बार कुल 923 दिन तथा अशोक कुमार एक्का ने 20 वर्षों की सेवा में 30 बार कुल 1151 दिन तक बिना अनुमति गैरहाजिर रहकर विभागीय अनुशासन का उल्लंघन किया था। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की छवि और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने के लिए जवाबदेही और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है।